समीक्षा

समय सीमा की बैठक में नगर निगम आयुक्त ने की लंबित प्रकरणों की समीक्षा, दिए निर्देश

नदी-तालाबों की कराएं सफाई, संरक्षित करें जल

नवभारत, कटनी। नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार ने मंगलवार को नगर निगम के एमआईसी सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक में शाखाओं के कार्यों, विभागीय योजनाओं और समय सीमा के चिन्हित पत्रों की समीक्षा की। बैठक में भूमिगत जल के संवर्धन, संरक्षण के लिए शासन निर्देशों के अनुसार शहर में आयोजित हो रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आयोजित की जा रही गतिविधियों और अन्य आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की। उन्होने उपयंत्रियों और वार्ड दरोगाओं को भ्रमण कर जल स्त्रोतों के पास किए गए अतिक्रमणों को चिन्हित करते हुए हटाने की कार्रवाई करने के लिए कहा। वाटर हार्वेस्टिंग को बढ़ावा देने के लिए अभियान चलाकर कार्रवाई करने के साथ ही बारिश के मौसम के पहले पौधारोपण

अभियान की सभी आवश्यक तैयारियां करने, हरित क्षेत्र को विकसित करने, जल संरचनाओं का पुनर्जीवन, नदी-तालाबों की साफ-सफाई, जल संरक्षण के लिए रिचार्ज पिट निर्माण का कार्य प्राथमिकता से कराने के निर्देश दिए। आईएचएसडीपी योजना के तहत पहले बनाए गए भवनों में निवासरत हितग्राहियों की पात्रता परीक्षण कार्य की प्रगति में लेटलतीफी पर निगमायुक्त ने नाराजगी व्यक्त। उन्होने राजस्व और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ फील्ड पर प्रतिदिन कार्रवाई करते हुए 1 दिन के अंदर कार्य को पूरा करने के निर्देश उपयंत्रियों को दिए। योजना के तहत बनाए गए भवनों में के लिए जिन हितग्राहियों ने नियमानुसार आवेदन किया है उन्हे प्राथमिकता के साथ भवन आवंटन की कार्रवाई करने के लिए कहा गया है। स्वास्थय विभाग द्वारा की कराई जा रही शहर की व्यवस्था मानिटरिंग के लिए नियुक्त किए गए नोडल अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा की गई। शहर के सभी नाले-नालियों की सफाई कराने, आवारा मवेशियों पर हांका गैंग द्वारा प्रतिदिन अभियान चलाकर कार्रवाई, मच्छर जनित बीमारियों को रोकने के लिए वार्डवार कीटनाशक दवाईयों को छिड़काव कराने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक के दौरान निगमायुक्त ने कहा कि शहर में जलभराव की समस्या का सामना नहीं करना पड़े, इसके लिए संभावित जल भराव वाले स्थलों की जानकारी एकत्रित कर गठित दल स्थानीय नागरिकों, पार्षदों से संपर्क कर कार्रवाई करें, ताकि बारिश के दौरान जलभराव की समस्या नहीं हो। नगर निगम आयुक्त ने गर्मी के मौसम में संभावित अग्नि दुर्घटनाओं में इजाफे की संभावनाओं को देखते हुए सभी शासकीय, अर्धशासकीय कार्यालयों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, अस्पतालों, स्कूलों और सार्वजनिक स्थलों में फायर सेफ्टी नियमों का पालन कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंनें अग्निशमन यंत्र की उपलब्धता, उनकी वैधता की जांच करने सहित फायर अलार्म सिस्टम, स्प्रिंकलर सिस्टम की कार्यशील स्थिति, इमरजेंसी एग्जिट मार्ग, विद्युत वायरिंग, उपकरणों की नियमित जांच, ज्वलनशील पदार्थों का सुरक्षित भंडारण कराने, घने रहवासी स्थलों से कबाड़ की दुकानों को अलग कराने सहित फायर सेफ्टी प्रशिक्षण और मॉक ड्रिल का आयोजन कर आग से बचाव और आपातकालीन स्थिति से निपटने का प्रशिक्षण देने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है।

रिश्वत के आरोप में आरक्षक निलंबित, टीआई को हटाया

कार्रवाई के लिए महिला अधिकारियों ने बदला स्वरूप

नवभारत, कटनी। बहोरीबंद थाना क्षेत्र में एक आरक्षक को प्रशिक्षु डीएसपी शिवा पाठक और स्लीमनाबाद एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी ने ट्रेक्टर चालक से पांच रूपए की रिश्वत लेते पकड़ा है। खास बात यह है कि आरक्षक को पकड़ने के लिए योजनाबद्ध तरीके से दोनों महिला अधिकारियों ने सादी वेशभूषा में उसी ट्रैक्टर में मजदूरों के साथ सवार थीं, जिस ट्रेक्टर चालक से आरक्षक ने पांच सौ रूपए मांगे थे। आरक्षक को रंगे हाथों पकड़े जाने के बाद पुलिस अधीक्षक ने उसे निलंबित कर दिया है, जबकि बहोरीबंद थाना प्रभारी को हटा दिया गया है। जानकारी के अनुसार एसपी को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि बहोरीबंद थाना क्षेत्र में वाहन चालकों, खासकर किसानों और ट्रैक्टर चालकों से अवैध वसूली की जा रही है। जिसके बाद योजना के तहत के तहत दोनों महिला अधिकारी प्रशिक्षु डीएसपी शिवा पाठक और स्लीमनाबाद एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी ने सुबह करीब 5 बजे सादा वेश धारण किया और ट्रैक्टर पर मजदूरों के साथ बैठ गईं। स्लीमनाबाद मोड़ के पास थाना मोबाइल वाहन पर तैनात आरक्षक लक्ष्मण पटेल ने ट्रैक्टर को रोका और 5 सौ रुपए की मांग की। जैसे ही आरक्षक ने पैसे लिए, ट्रैक्टर पर मौजूद महिला अफसरों ने तत्काल उसे पकड़ लिया। पूरी कार्रवाई की वीडियो रिकॉर्डिंग भी की गई, जिसे बाद में वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपा गया। कार्रवाई के बाद एसपी अभिनय विश्वकर्मा ने तत्काल प्रभाव से आरक्षक को निलंबित कर दिया। साथ ही थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया को लापरवाही के आरोपों में पद से हटा दिया गया। फिलहाल थाना की जिम्मेदारी टूआईसी धनंजय पांडेय को सौंपी गई है। थाना प्रभारी पर पहले भी विवादों में रह चुके हैं।

आरक्षक को उसके ही अधिकारियों द्वारा रिश्वत लेते पकड़े जाने का संभवत: जिले का पहला मामला है, इससे पहले किसी भी आरक्षक, प्रधान आरक्षक या सहायक उपनिरीक्षक, उपनिरीक्षक और थाना प्रभारी को पुलिस विभाग के अधिकारियों ने ऐसी योजना बनाकर नहीं पकड़ा गया है। यही वजह है कि यह कार्रवाई पूरे जिले में चर्चा का विषय बनी हुई है। इस कार्रवाई के बाद से पुलिस विभाग में ही हड़कंप मच गया है।

एक नजर में

कक्षा तीन के छात्रों के लिए होगा लर्निंग स्टडी सर्वे

नवभारत, कटनी। प्राथमिक शिक्षा की नींव मजबूत करने और बच्चों के सीखने के स्तर का आंकलन करने के लिए 6 और 7 अप्रैल को टेबलेट बेस्ड फाउण्डेशनल लर्निंग स्टडी का आयोजन किया जा रहा हैयह सर्वे कक्षा 3 के विद्यार्थियों के लिए हिन्दी, अंग्रेजी, गणित विषय में जिले की 9 चयनित सेम्पल प्राथमिक शालाओं के लिए किया जाएगा। इस सर्वे कार्य को निष्पक्ष और सुचारू रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से डीएलएड छात्राध्यापकों को फील्ड इन्वेस्टिगेटर नियुक्त गया है। 4 और 5 अप्रैल को सुबह 1 बजे से शाम 5 बजे तक राज्य स्तर पर प्रशिक्षण दिया जाएगा।

हनुमान जन्मोत्सव पर अवकाश की मांग, सौंपा ज्ञापन

सकल हिंदू समाज ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

नवभारत, उमरियापान। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर राजकीय अवकाश घोषित करने की मांग को लेकर सकल हिंदू समाज द्वारा मुख्यमंत्री के नाम पर नायब तहसीलदार को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि वीर हनुमान जन्मोत्सव हिंदू समाज का एक महत्वपूर्ण धार्मिक पर्व है, जिसे मध्यप्रदेश सहित पूरे देश में हर वर्ष श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि भगवान हनुमान आस्था और श्रद्धा के प्रमुख प्रतीक हैं, लेकिन इस महत्वपूर्ण पर्व पर अभी तक शासकीय अवकाश घोषित नहीं किया जाता है। समाज

के लोगों का कहना है कि इस दिन अवकाश न होने के कारण बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपने धार्मिक अनुष्ठानों और आयोजनों में पूर्ण रूप से शामिल नहीं हो पाते हैं। सकल हिंदू समाज ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि प्रत्येक वर्ष हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर राजकीय अवकाश घोषित किया जाए, ताकि सभी श्रद्धालु इस पर्व को पूरे उत्साह और भक्ति भाव के साथ मना सकें। इस दौरान समाज के कई सदस्य उपस्थित रहे और उन्होंने सरकार से जल्द निर्णय लेने की मांग की है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि सरकार इस मांग को स्वीकार करती है, तो इससे धार्मिक भावनाओं का सम्मान होगा और समाज में सकारात्मक संदेश जाएगा।

सहकारी संस्थाओं से जुड़कर योजनाओं का अधिकतम लाभ लें किसान

कार्यक्रम में दी गई सहकारिता के सिद्धांतों की जानकारी

नवभारत, ढीमरखेड़ा। जिले के ढीमरखेड़ा विकासखंड अंतर्गत बहुउद्देश्यीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति ढीमरखेड़ा में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता किसान सम्मेलन और कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में काफी संख्या में किसान, जनप्रतिनिधि और अधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत रैली के साथ हुई, जिसमें बिना सहकार नहीं उद्धार, जय हिंद, जय भारत और भारत माता की जय के गगनभेदी नारों से वातावरण गूंज उठा। रैली ने क्षेत्र में सहकारिता के महत्व का सशक्त संदेश दिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत की सहकारिता और उद्योग समिति की सभापति कविता पंकज राय रहीं। उन्होंने उपस्थित किसानों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया और सहकारिता आंदोलन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सहायक आयुक्त सहकारिता राजयशवर्धन कुरील ने सहकारिता के सिद्धांतों, योजनाओं और किसानों के लिए इसके लाभों की जानकारी दी। जबकि विशिष्ट अतिथि सतीश ज्योति ज्योतिषी ने किसानों को सहकारी संस्थाओं से जुड़कर अधिकतम लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया समझाई। कार्यक्रम का मंच संचालन अंकेक्षण अधिकारी विजय मिश्रा ने किया, जबकि अंत में प्रशासक बी-पैक्स समिति ढीमरखेड़ा बैबी नैना मेहरा ने सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, किसानों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर क्षेत्र के नरेन्द्र त्रिपाठी, आशीष चौरसिया, दुर्गा पारस पटेल, राजा चौरसिया, अनिल बागरी, रमन शुक्ला, विनय ज्योतिषी, दीपू बैरागी, बसंत मिश्रा, शंकर तिवारी, ब्रजेश पटेल, प्रमोद गौतम सहित अन्य शामिल रहे। सभी अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ और माल्यार्पण से किया गया। सहकारिता विभाग के अधिकारियों में अनीता कोल, आयुष गुप्ता, पूजा विश्वकर्मा, रामचंद्र अहिरवार, नितिन जैन, रवि तिवारी, संजय पाण्डेय, शिव स्वरूप शुक्ला, सहित अन्य समिति प्रबंधक और कर्मचारियों की भागीदारी रही। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को सहकारिता के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना एवं योजनाओं का अधिकाधिक लाभ दिलाना रहा।

शपथ ग्रहण कार्यक्रम में किया गया शक्ति प्रदर्शन

रीठी में नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने ग्रहण की शपथ

नवभारत, कटनी। जिले के रीठी जनपद पंचायत में नव निर्वाचित जनपद अध्यक्ष श्रीमती श्यामा बाई का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक संजय पाठक, विधायक प्रणय पांडे, उमा देवी खटीक की उपस्थिति रही। आयोजन को लेकर क्षेत्र में चर्चा तेज है। जहां एक ओर इसे विकास की नई शुरुआत माना जा रहा है,

वहीं दूसरी ओर इसे बड़ा राजनीतिक शक्ति प्रदर्शन भी बताया जा रहा है। कार्यक्रम के बाद क्षेत्र में खुशी का माहौल है। लोगों को उम्मीद है कि नए नेतृत्व में रीठी जनपद तेजी से विकास की ओर बढ़ेगा। कार्यक्रम में जैसे ही तीनों विधायक पहुंचे, पूरा जनपद परिसर ढोल-नगाड़ों और बाजे-गाजों की गूंज से भर उठा। समर्थकों ने फूल-मालाओं के साथ स्वागत किया।

कांग्रेस की जिला कार्यकारिणी का विस्तार

नवभारत, कटनी। ग्रामीण कांग्रेस जिला अध्यक्ष और पूर्व विधायक सौरभ सिंह ने हाल ही में जारी जिला कार्यकारिणी सूची में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी के अनुमोदन के बाद विस्तार किया है। जारी सूची में विशेष आमंत्रित सदस्यों में शैलेन्द्र शुक्ला, गणेश राव डॉ केएल जैन, नरेन्द्र पौराणिक, देव सिंह पटेल, धनश्याम दास खर्द, डॉ नरेन्द्र राय, हरवंश सिंह, सुशीला सिंह, शंकर लाल सोनी, जगन्नाथ गौतम, शिवकुमार चौरसिया, वंश स्वरूप चौरसिया, हरछठ सोनी, गणेश नारायण गुप्ता, कोमल सिंह, शिवकुमार तिवारी, नारायण जलौनहा, रामदयाल चडार, मुन्ना आदिवासी, महेन्द्र जैन, घनश्याम लोधी, नीरज अग्रवाल, रामनरेश त्रिपाठी, संतोष यादव, सादिक खान को वरिष्ठता के आधार पर स्थान दिया गया है। वहीं सूची में जातिगत समीकरणों का भी ध्यान रखा गया है। संगठन महामंत्री जितेन्द्र सिंह, कोषाध्यक्ष रविन्द्र कुंदरहा, जिला उपाध्यक्ष सुधीर जैन, विपिन सिंह बघेल, संदीप बाजपेयी, रामकृष्ण पटेल, सुनील सिंह, रविन्द्र बाजपेयी,सुनील सिंह, हारिस रूस्तम, तुलसीराम यादव, रंजीत सिंह, बसंत द्विवेदी और कल्लूदास बैरागी एवं महामंत्री परम लाल कोल, जगदीश चौधरी, विजय अग्रवाल, कौशल राजपूत, अजय गर्ग, डॉ सुशील राय, चंद्र प्रताप सिंह, जवाहर सिंह, लल्लन सिंह, मथुरा प्रसाद झारिया, शेख सिकंदर, रवि दुबे, गुड्डू द्विवेदी, सचिव चन्द्र प्रताप तिवारी, अजय सिंह रघुवंशी, क्षेत्रपाल पटेल,गौरव शाह,सुमेर सिंह पटेल,रामसुजान पटेल, मंगू आदिवासी, कमलेश चौधरी, राजेश सिंह, जगदीश पटेल, छत्रपाल सिंह, सत्येन्द्र सिंह, प्रेमलाल नामदेव, देवराज कुशवाहा सहित अन्य को पदाधिकारी बनाया गया है।

भावांतर योजना के तहत आज से शुरू होगी सरसों की खरीदी

नवभारत, कटनी। भावांतर योजनांतर्गत 1 अप्रैल से 3 मई तक सरसों की खरीदी की जाएगी। जिलें में भावांतर योजना के सुचारु रुप से संचालन के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा मंडी समिति स्तरीय क्रियान्वयन समिति गठित की गई है। प्रदेश में रवी वर्ष 225-26 सरसों उत्पादक कृषकों को भारत सरकार की प्राइस डिफिसिट पेमेंट स्कीम के मापदण्डों के अनुसार फेयर एवरेज क्वालिटी उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य उलपब्ध कराये जाने हेतु राज्य शासन द्वारा भावांतर योजना प्रारंभ की गई है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिले के भारसाधक अधिकारी मंडी को समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। जबकि संबंधित विकासखण्डों के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, सहकारिता विस्तार अधिकारी और सहायक व कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी इसके सदस्य होंगे। वहीं सचिव मंडी समिति इस समिति के सदस्य सचिव होंगे। कलेक्टर आशीष तिवारी ने ने स्पष्ट किया है कि मंडी समिति स्तरीय क्रियान्वयन समिति मंडीवार खरीदी, भुगतान और अन्य समस्त कार्यों के लिए उत्तरदायी होगा। मंडी के लिए जिले से नियुक्त किए गए नोडल अधिकारी से समन्वय कर कार्य करेगी। खरीदी कार्य की पूरी तैयारी करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसानों को किसी भी तरह की परेशानी खरीदी केन्द्रों में नहीं हो। किसानों के बैठने, छाया करने, पेयजल व्यवस्था बनाए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

बालाजी दरबार में होगा अखंड मानस पाठ

नवभारत,ढीमरखेड़ा। जिले के सिलौंडी के प्रसिद्ध श्री बालाजी दरबार में 1 अप्रैल बुधवार को 24 घंटे के अखंड श्री रामचरित मानस पाठ के साथ एक नए उत्साह की शुरुआत होगी। द्वितीय दिवस पर 2 अप्रैल गुरुवार को हनुमान चालीसा, महाआरती, महाभोग के पश्चात श्री हनुमान प्रकटोत्सव के उपलक्ष्य में शाम 4 बजे से शोभायात्रा निकाली जाएगी। श्री बालाजी सुंदरकांड समिति सिलौंडी द्वारा आयोजित इस आयोजन में सभी सनातनी समाज को आमंत्रित किया गया है। श्री बालाजी मंदिर की ओर से 2 अप्रैल को भंडारे का भी आयोजन किया गया है। सिलौंडी के बड़े

हनुमान मंदिर, छोटे हनुमान मंदिर, बाजार मोहल्ले में कुटी, राम मंदिर वाली कुटी, पंचमुखी हनुमान मंदिर, सिहोरा रोड वाले दक्षिण मुखी हमुनान मंदिर, धरमपूरा वाले हनुमान मंदिर में भी हनुमान जयंती पर विशेष पूजन अर्चन का आयोजन किया जाएगा।

औषधी निरीक्षक मनीषा धुर्वे निलंबित,सोनम जैन को मिला प्रभार

नवभारत, कटनी। खाद्य एवं औषधी प्रशासन विभाग के खाद्य सुरक्षा आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं नियंत्रक, खाद्य ने जिले में पदस्थ रही औषधि निरीक्षक मनीषा धुर्वे को निलंबित करते कर दिया है। प्रशासनिक कार्य सुविधा की दृष्टि से सागर में पदस्थ औषधि निरीक्षक सोनम जैन को वर्तमान कार्य के साथ-साथ कटनी जिले के लिए औषधि निरीक्षक और औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी का प्रभार आगामी आदेश तक के लिए सौंपा है। आपको बतादें कि निरीक्षक मनीषा धुर्वे की कार्यप्रणाली पर सवाल उठते रहे हैं।

न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला रीवा (म.प्र.)
क्रमांक 482/ विशेष विवाह/2025 **इश्तहार** रीवा, दिनांक 29/07/2025
आवेदक सौरभ कुशवाहा पिता श्री शिवकुमार कुशवाहा उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम राजगढ़, तहसील - सिरमौर, जिला - रीवा (म.प्र.) आवेदिका सुप्रिया कुशवाहा पिता स्व. श्री प्रहलाद कुशवाहा, उम्र -19 वर्ष निवासी ग्राम- दयोदया गौशाला के पास छुरही टोला, वार्ड क्र. 10, तहसील - कटनी, जिला - कटनी (म.प्र.) के द्वारा उपस्थित होकर विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अन्तर्गत विवाह अनुष्ठान हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति, अंकसूची की छायाप्रति, निवास प्रमाण पत्र एवं 100/-रू. चालान प्रस्तुत किया गया है।, जो विचाराधीन है।
अत: उक्त विवाह अनुष्ठान के सम्बंध में जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति स्वत: अथवा अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि को उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा
पेशी दिनांक - 25/04/2026
विवाह अधिकारी
जिला रीवा (म.प्र.)

कार्यालय नगरपालिक निगम, कटनी, जिला-कटनी (म.प्र.)
महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड क्रमांक 26. मिशन चौक के पास, कटनी (म.प्र.) पिन कोड- 483501
क्रमांक 5715/लो.नि.वि/निर्माण/2026 कटनी, दिनांक :- 18/03/2026

द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आंमत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेवासाइट https:/mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्रं.	टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत रुपये में	निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपये में एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1.	2026_UAD_495403_1	रामकृष्ण परमहंस वार्ड क्रमांक 34 में छपरवाह स्कूल के पास शासकीय रिक्त भूमि में एवं संतकवररास वार्ड क्रमांक 42 में पुरानी आंगनबाड़ी परिसर में शासकीय रिक्त भूमि में आगंनबाड़ी निर्माण कार्य।	150 days/- 26,53,242/-	5,000/- 19,898/-	14/04/2026
2.	2026_UAD_495403_2	कावजी वार्ड में रामबहादुर शर्मा, वंदना जाटव के घर के पास एवं अन्य स्थानों पर आर.सी.सी.रोड़ निर्माण कार्य।	60 days/- 8,47,308/-	2,000/- 8,473/-	14/04/2026

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https:/mptenders.gov.in की वेवसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।
कार्यपालन यंत्री
नगरपालिक निगम, कटनी

नवाचार

यातायात थाना परिसर में आधुनिक ड्रायविंग तकनीक और शिक्षा केन्द्र का शुभारंभ

ट्रैफिक पाठशाला में सिम्युलेटर के माध्यम से मिलेगा वर्चुअल राइडिंग का अनुभव

नवभारत, कटनी। सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने की दिशा में यातायात पुलिस ने थाना परिसर में नवनिर्मित ट्रैफिक पाठशाला और सिम्युलेटर रूम का शुभारंभ किया गया। इस नवाचार का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा की उपस्थिति में फीता काटकर किया गया। विशेष परियोजना कैल्डेरिस कंपनी के सहयोग से तैयार की गई है। इस अवसर पर कैल्डेरिस कंपनी के डीआईओपी सतेन्द्र सिंह, प्लांट हेड प्रियव्रत विश्वास उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान दयानंद एंग्लो वैदिक स्कूल के छात्र-छात्राओं को ट्रैफिक पाठशाला, सिम्युलेटर के माध्यम से वर्चुअल राइडिंग का

अनूठा अनुभव कराया गया। इस अत्याधुनिक सिम्युलेटर सेटअप का मुख्य उद्देश्य बच्चों और युवाओं को वास्तविक सड़क पर वाहन चलाने से पूर्व सुरक्षित डिजिटल वातावरण में यातायात संकेतों, सड़क की सांकेतिक भाषा, आवश्यक सावधानियों और नियमों की व्यावहारिक जानकारी दी गई। स्क्रीन और कंट्रोलर के माध्यम से बिना वास्तविक वाहन के सुरक्षित वातावरण में ड्राइविंग, राइडिंग का प्रशिक्षण, जिससे नए चालकों को व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होता है। परिवहन सेवा के माध्यम से लर्निंग लाइसेंस के लिए आवेदन, आधार-आधारित सत्यापन, ऑनलाइन परीक्षा, शुल्क भुगतान की प्रक्रिया को सरल और स्पष्ट रूप से समझाया जा रहा है। स्कूली छात्रों के लिए विशेष कक्षाओं का आयोजन, जिसमें ट्रैफिक सिग्नल, सड़क सुरक्षा नियम और सुरक्षित यात्रा के उपाय सिखाए जाते हैं। जागरूकता अभियान के तहत उपस्थित जनों को ऑनलाइन लर्निंग लाइसेंस प्राप्त करने की प्रक्रिया की भी जानकारी दी गई, जिसमें बताया गया कि पात्र व्यक्ति एक सरल ऑनलाइन टेस्ट के माध्यम से पारदर्शी तरीके से अपना लर्निंग लाइसेंस प्राप्त कर सकता है। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने कहा कि यह जिले के लिए गौरव का विषय है कि हमारा यातायात थाना प्रदेश में इस नवाचार की शुरुआत करने वाला पहला थाना बना है। अत्याधुनिक सिम्युलेटर के माध्यम से यातायात नियमों को सीखना न सिर्फ प्रभावी है, बल्कि यह सड़क दुर्घटनाओं को न्यूनतम स्तर तक लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया, उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा, यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडेय, माधवनगर थाना प्रभारी संजय दुबे, कंट्रोल रूम प्रभारी अनूप सिंह, रक्षित निरीक्षण संध्या राजपूत, झिंझरी चौकी प्रभारी राजेश दुबे, सहित कैल्डेरिस समूह के पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों और पुलिस कर्मियों की उपस्थिति रही।